Seat No. : _______________

# MK-119 (H)

**July-2021**

## B.Com., Sem.-I

## CE-101-A : Financial Accounting – I

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**निर्देश :** (1) **खण्ड – I** के प्रत्येक प्रश्न के अंक समान है ।

(2) **खण्ड – I** से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(3) **खण्ड – II** का प्रश्न क्रमांक–**5** अनिवार्य है ।

**खण्ड – I**

1. जय, जवल तथा जैमिन 2 : 3 : 5 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते साझेदार हैं । दिनांक 31-3-2020 को फर्म का विसर्जन हुआ । उस दिनांक को उनका तुलन–पत्र निम्नानुसार था : **20**

| देयताएँ | ₹ | परिसंपत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | स्थायी संपत्तियाँ | 13,00,000 |
| जय – 2,36,000 | | चालू संपत्तियाँ | 4,00,000 |
| जवल – 3,24,000 | | नकद शेष | 60,000 |
| जैमिन – 3,90,000 | 9,50,000 | लाभ–हानि खाता | 40,000 |
| सामान्य अनामत | 1,60,000 | | |
| जवल का ऋण | 1,00,000 | | |
| जैमिन का ऋण | 1,00,000 | | |
| लेनदार | 2,00,000 | | |
| बैंक ऑवरड्राफ्ट | 3,00,000 | | |
| | **18,00,000** | | **18,00,000** |

संपत्तियों के निम्नानुसार प्राप्त हुए :

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम हफ्ता (30-4-2020) | – | ₹ 3,00,000 |
| द्वितीय हफ्ता (31-5-2020) | – | ₹ 2,60,000 |
| तृतीय हफ्ता (30-6-2020) | – | ₹ 3,04,000 |
| चतुर्थ हफ्ता (31-7-2020) | – | ₹ 4,30,000 |

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) दिनांक 15-7-2020 को परिपक्व होने वाली हुंडी बटाकृत हुई ।

(2) विसर्जन के समय आकस्मिक देयताएँ ₹ 50,000 आंकी गई । जो कि दिनांक 30-6-2020 को ₹ 45,000 भुगतान किया गया ।

(3) विसर्जन व्यय ₹ 20,000 आंका गया, परंतु वास्तविक खर्च ₹ 15,000 हुआ ।

अधिशेष पूँजी विधि के अनुसार नकद का खण्डशः वितरण दर्शाता पत्रक तैयार कीजिए ।

2. फोरम लिमिटेड ने ₹ 10 का एक ऐसे 20,000 समता अंश, प्रत्येक शेयर ₹ 2 के प्रीमियम पर जारी किए । जिसकी राशि निम्नानुसार मंगवाई गई : **20**

| | | |
|---|---|---|
| आवेदन के साथ | – | ₹ 2 |
| आबंटन के समय | – | ₹ 5 (प्रीमियम सहित) |
| प्रथम याचना पर | – | ₹ 3 |
| अन्तिम याचना पर | – | ₹ 2 |

25,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से 24,000 अंशों का आवेदन के यथानुपात आबंटन किया गया । आवेदन के साथ प्राप्त अधिक राशि का आबंटन खाते में हस्तान्तरण किया गया । शेष आवेदनों को अस्वीकार किया गया ।

श्लोक, जिसको 500 अंशों का आबंटन किया गया था, आबंटन राशि तथा प्रथम याचना का भुगतान करने में असमर्थ रहा । उसके अंश द्वितीय याचना मंगाने से पूर्व जब्त किए गए । शुभम जो कि 600 अंशधारक था, दोनों याचनाओं का भुगतान न कर सका, उसके अंश दूसरी याचना के बाद जब्त किए गए ।

उपरोक्त जब्त किए अंशों में से 900 अंश श्याम को प्रति अंश ₹ 8 अनुसार पूर्ण भुगतान मानकर बेचे गए, जिसमें श्लोक के सभी जब्त अंश शामिल थे ।

फोरम लिमिटेड की बही में सामान्य प्रविष्टियाँ कीजिए ।

3. राम साझेदारी फर्म का तुलन–पत्र निम्नानुसार है : **20**

| उत्तरदायित्व | ₹ | परिसंपत्तियाँ | | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : | | भवन | | 6,00,000 |
| A – 5,50,000 | | मशीनरी | | 5,00,000 |
| B – 3,00,000 | 8,50,000 | फर्निचर | | 50,000 |
| सामान्य अनामत | 1,50,000 | निवेश | | 50,000 |
| कामदार दुर्घटना क्षतिपूर्ति निधि | 50,000 | (बाजार मूल्य ₹ 80,000) | | |
| | | देनदार | 1,25,000 | |
| 10% का बैंक ऋण | 2,00,000 | डूबत ऋण | 5,000 | 1,20,000 |
| कामदार लाभ साझा निधि | 50,000 | स्कंध | | 80,000 |
| भविष्य निधि | 70,000 | नकद–बैंक | | 50,000 |
| लेनदार | 50,000 | | | |
| देय बिल | 30,000 | | | |
| | **14,50,000** | | | **14,50,000** |

उपरोक्त साझेदारी फर्म का व्यवसाय क्रय करने हेतु रहीम लिमिटेड की स्थापना की गई । व्यवसाय क्रय की शर्तें निम्नानुसार थीं :

(1) कंपनी की प्राधिकृत अंश पूँजी ₹ 10 का एक ऐसे 1,20,000 समता अंशों की बनी है ।

(2) कंपनी देनदार–लेनदार के अलावा निम्न शर्तों के आधार पर सभी संपत्तियाँ तथा दायित्व क्रय करने को सहमत होती है :

(a) कंपनी साझेदारी फर्म की ओर से देनदारों से नकद वसूल कर, लेनदारों को भूगतान करना स्वीकारती है, जिसके लिए कंपनी को देनदारों से वसूली गई राशि पर 5% तथा लेनदारों को चुकाई गई राशि पर 2% कमीशन प्राप्त होगा ।

(b) फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 50,000, भवन ₹ 8,50,000, मशीनरी पुस्तक मूल्य से 20% कम, फर्निचर पुस्तक मुल्य के 50%, निवेश बाजार मूल्य पर तथा स्कंध ₹ 90,000 आंकना है । फर्म 50% नकद–बैंक शेष अपने पास रखेगी ।

(c) क्रय मूल्य के एवज में कंपनी 80,000 समता अंश 10% प्रीमियम पर तथा ₹ 2,00,000 के 12% के प्रेफरेंस शेयर जारी करेगी तथा शेष राशि का नकद में भुगतान करेगी ।

**अतिरिक्त जानकारी :**

(1) देनदारों से राशि के वसूली समय ₹ 5,000 तथा ₹ 15,000 के अशोध्य ऋण की वसूली शेष है । शेष देनदारों ने 5% बट्टे पर राशि का भुगतान किया । लेनदारों को 5% बट्टे पर राशि का भुगतान किया । कंपनी ने नकद में भुगतान किया ।

(2) कंपनी ने शेष अंश मूल कीमत पर जारी किए । कंपनी ने सभी राशि समयावधि में प्राप्त कर ली ।

रहीम लिमिटेड की बही में आवश्यक सामान्य प्रविष्टियाँ कीजिए तथा तुलन-पत्र बनाइए ।

4. हरी लिमिटेड का दिनांक 31-3-2020 का कच्चा चिट्ठा निम्नानुसार है : **20**

| उधार शेष | ₹ | जमा शेष | ₹ |
|---|---|---|---|
| भूमि-भवन | 7,20,000 | समता अंश पूँजी | 10,20,000 |
| संयंत्र-मशीनरी | 6,00,000 | अंश जब्ती खाता | 6,000 |
| फर्निचर | 1,20,000 | प्रतिभूति प्रीमियम | 10,800 |
| क्रय | 5,40,000 | पूँजी अनामत | 33,000 |
| नकद-बैंक | 28,800 | सामान्य अनामत | 72,000 |
| दीर्घ-अवधि निवेश | 3,000 | भविष्य निधि | 42,000 |
| डूबत ऋण | 9,000 | 10% ऋणपत्र | 1,20,000 |
| भविष्य निधि में योगदान | 3,600 | विक्रय | 11,10,000 |
| | | लेनदार | 1,80,000 |
| ऑफिस व्यय | 48,000 | देय बिल | 12,000 |
| वेतन | 36,000 | लाभ-हानि खाता (1-4-2019) | 48,000 |
| अंकेषण शुल्क | 15,000 | सरकारी जमाएँ | 36,000 |
| निदेशक शुल्क | 90,000 | फूटकर आय | 5,400 |
| ऋणपत्र पर ब्याज | 6,000 | डूबत ऋण अनामत | 4,800 |
| प्राथमिक खर्च | 9,000 | | |
| विज्ञापन खर्च | 9,600 | | |
| आयकर का अग्रिम भुगतान | 30,000 | | |
| देनदार | 3,00,000 | | |
| प्राप्य बिल | 18,000 | | |
| स्कंध (1-4-2019) | 30,000 | | |
| ख्याति | 84,000 | | |
| | **27,00,000** | | **27,00,000** |

निम्न जानकारी को ध्यान में रखकर कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची – III के अनुसार वार्षिक लेखा तैयार कीजिए :

(1) अंतिम स्कंध ₹ 39,000 मानिए ।

(2) कराधान प्रावधान ₹ 84,000 रखना है ।

(3) देनदारो पर 10% डूबत ऋण तथा 5% डूबत ऋण अनामत का प्रावधान करना है ।

(4) भूमि–मकान पर 10% दर पर तथा अन्य स्थायी परिसंपत्तियों पर 5% के दर पर ह्रास का प्रावधान करना है ।

(5) प्राथमिक खर्च अपलिखित करें ।

(6) चालू वर्ष के लाभ में से ₹ 10,000 सामान्य अनामत में ले जाने हैं ।

**खण्ड – II**

5. सही विकल्प का चयन करें : (कोई **पाँच**) **10**

(1) नकद के खण्डशः वितरण में लाभ–हानि खाते का क्रेडिट शेष

(a) साझेदारों के पूँजी खाते से घटाया जाएगा ।

(b) साझेदारों के पूँजी खाते में जोड़ा जाएगा ।

(c) वितरण नहीं होगा ।

(d) नकद में से घटाया जाएगा ।

(2) नकद के खण्डशः वितरण में, यदि विसर्जन खर्च के तौर पर ₹ 15,000 अनामत रखे जाए तथा वास्तविक विसर्जन खर्च ₹ 20,000 हो, तो

(a) ₹ 20,000 नकद से घटाएँ जाते हैं ।

(b) ₹ 20,000 प्रथम किश्त से घटाए जाते हैं ।

(c) ₹ 15,000 प्रथम किश्त से घटाए जाते हैं तथा ₹ 5,000 अंतिम किश्त में जोड़े जाऐंगे ।

(d) ₹ 15,000 प्रथम किश्त से घटाए जाते हैं तथा ₹ 5,000 अंतिम किश्त से घटाए जाऐंगे ।

(3) कंपनी द्वारा कंपनी अधिनियम के अनुसार अंश आवेदन के साथ कम से कम ________ राशि आमंत्रित करनी होगी ।

(a) ₹ 1

(b) पुस्तक मूल्य की 5%

(c) ₹ 10

(d) कंपनी द्वारा तय की

(4) जब अंश जब्त होते हैं तब जब्त हुए अंशों पर आमंत्रित राशि उधार होगी

(a) अंश पूँजी खाते

(b) अंश याचना खाते

(c) पूँजी संचय खाते

(d) अंश जब्ती खाते

(5) व्यवसाय क्रय दिनांक 1-4-2020 तथा पंजीकरण दिनांक 1-8-2020 है जबकि वर्ष 31-12-2020 को पूर्ण हो रहा है । क्रय मूल्य पर दिनांक 31-12-2020 को ₹ 7,200 का ब्याज का भुगतान किया है, तो पंजीकरण से पहले तथा पश्चात् का ब्याज होगा :

(a) ₹ 3,200 तथा ₹ 4,000

(b) ₹ 4,000 तथा ₹ 3,200

(c) पंजीकरण पश्चात् ₹ 7,200

(d) पंजीकरण पूर्व ₹ 7,200

(6) पंजीकरण पूर्व के लाभ की गणना करते समय निर्देशक शुल्क का किस आधार पर आबंटन किया जाता है ?

(a) समय

(b) बिक्री

(c) पंजीकरण पश्चात्

(d) कोई नहीं

(7) जब विक्रेता कंपनी के विसर्जन खर्च का वहन/भुगतान क्रेता कंपनी द्वारा किया जाए, तो क्रेता कंपनी की बही में _________ खाते में राशि डेबिट की जाती है ।

(a) विसर्जन खर्च

(b) ख्याति

(c) पूँजी अनामत

(d) विक्रेता फर्म

(8) पर्व लिमिटेड ने पूर्वी लिमिटेड का व्यवसाय खरीदा । जिसमें विविध संपत्तियाँ ₹ 10,00,000, ख्याति मूल्य ₹ 1,00,000, अन्य विविध दायित्व ₹ 8,00,000 हैं । व्यवसाय का क्रय मूल्य कितना होगा ?

(a) ₹ 2,00,000

(b) ₹ 2,50,000

(c) ₹ 3,50,000

(d) ₹ 3,00,000

(9) प्रतिभूति प्रीमियम खाता तुलन–पत्र में ______ शीर्षक के अधीन दर्शाया जाता है ।

(a) अंश–पूँजी खाता

(b) अनामत–अधिशेष

(c) चालू दायित्व

(d) गैर–चालू दायित्व

(10) यदि कंपनी के 1,00,000 समता अंश, (प्रत्येक ₹ 10 का ₹ 8 भरपाई) हो तथा वह वार्षिक 10% की दर से अंतरिम लाभांश का भुगतान करती है, तो लाभांश की राशि कितनी होगी ?

(a) ₹ 40,000

(b) ₹ 80,000

(c) ₹ 1,00,000

(d) ₹ 50,000